# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (19.04.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 19..04.2025, PAGE-06**

### बीआरएबीयू और जयप्रकाश विवि ने मिलकर फिजिक्स के सिद्धांतों पर किया काम

# गिल्ली-डंडा और बेढ़ी-कोठी से भोजपुरी में पढ़ेंगे भौतिकशास्त्र

**विशेष**

■ मृत्युंजय

**मुजफ्फरपुर।** गिल्ली-डंडे और बेढ़ी-कोठी से विज्ञान के छात्र अब अपनी बोली भोजपुरी में फिजिक्स के सिद्धांत को समझेंगे। बीआरएबीयू और जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा मिलकर भोजपुरी में फिजिक्स के सिद्धांतों पर किताब तैयार की है। यह किताब जेपी विवि के गंगा सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रमेंद्र रंजन ने लिखी है। इस किताब का भाषाई संपादन बीआरएबीयू के भोजपुरी विभाग के अध्यक्ष प्रो. जयकांत सिंह ने किया है।

प्रो. जयकांत सिंह ने बताया कि छात्रों के लिए अपनी बोली में पहलीबार फिजिक्स की किताब आ रही है। यह बहुत प्रशंसनीय है। इससे फिजिक्स का महत्व लोकसमाज में भी मिल जायेगा। उन्होंने बताया कि बीआरएबीयू के भोजपुरी विभाग में किताब की भाषा का संपादन किया गया है।



**भोजपुरी में लिखी किताब में हैं 16 अध्याय**

प्रो. प्रमेंद्र रंजन ने बताया कि इस किताब को पूरा करने में बीआरएबीयू के भोजपुरी विभाग ने साथ दिया है। इस किताब में 16 अध्याय हैं। सभी अध्याय में देसी साधनों से ही भौतिकी के सिद्धांत का वर्णन है। उन्होंने बताया कि अभी किताब का नाम नहीं रखा गया है, लेकिन इस वर्ष के अंत तक किताब बाजार में आ जायेगी। किताब का लोकार्पण भोजपुरी सम्मेलन में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति मे स्थानीय भाषा में शिक्षण सामग्री तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसी के तहत यह किताब तैयार की गई है।

**कमल के पत्ते के नैनो सरफेस को भोजपुरी में समझाया**

किताब में कमल के पते के नैनो सरफेस के बारे में भोजपुरी में समझाया गया है। किताब में भोजपुरी में बताया गया कि कमल के पते पर पानी क्यों नहीं रहता है। इस किताब को लिखने में आईआईटी के रिटायर प्रोफेसर विजय अवधेश सिंह ने भी सहयोग किया है। प्रो. प्रमेंद्र ने बताया कि किताब में चंद्रयान के बारे में भी भोजपुरी में समझाया गया है।

**देसी साधनों से समझाये भौतिकी के सिद्धांत :** किताब लिखने वाले प्रो. प्रमेंद्र का कहना है कि भोजपुरी में लिखी इस फिजिक्स की किताब में देसी साधनों से जरिये फिजिक्स के सिद्धांत बताये गये हैं। मसलन, गिल्ली-डंडा में फिजिक्स का क्या सिद्धांत लागू होता है। गिल्ली किस डायमेंसन पर उड़ती है। प्रो. प्रमेंद्र रंजन ने बताया कि हमारे गांवों में महिलाएं गेहूं को रखने के लिए बेढ़ी-कोठी बनाती थीं। यह भी फिजिक्स के सिद्धांत पर ही आधारित है। बेढ़ी-कोठी में गेहूं कैसे सुरक्षित रहता है, इसे उदाहरण में रखते हुए किताब में फिजिक्स के सिद्धांत की व्याख्या की गई है।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 19.04.2025, PAGE-06**

# विवि में परीक्षा बोर्ड की बैठक आज

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में शनिवार को परीक्षा बोर्ड की बैठक होगी। बैठक में 19 एजेंडों पर चर्चा की जायेगी। ध्यक्षता कुलपति करेंगे।

बैठक में संबद्ध कॉलेजों में विशेष टेबुलेटर के बहाल करने पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा आरटीआई से कॉपी निकालने के बाद जिन छात्रों ने आपत्ति की है, उसपर चर्चा की जायेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN,
MUZAFFARPUR
DATE:19.04.2025
PAGE-06


# कॉलेज की संबद्धता पर वीसी आज करेंगे बैठक

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में 24 कॉलेजों की संबद्धता पर कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय शनिवार को समीक्षा बैठक करेंगे। बिहार विवि की संबद्धता कमेटी ने 24 कॉलेजों को संबद्धन नहीं दिया था। इसका कारण था कि इन कॉलेजों ने समय पर निरीक्षण शुल्क जमा नहीं किया था।

इसके बाद यह मामला सीनेट में गया था। सीनेट में कुलपति को अधिकृत किया गया था कि वह अपने स्तर से इन कॉलेजों पर निर्णय लें। सीनेट में तय होने के बाद कुलपति अब इन कॉलेजों को संबद्धता देने पर चर्चा करेंगे। सीनेट से सिर्फ 12 कॉलेजों की संबद्धता पर मुहर लगी थी। सूत्रों ने बताया कि आवेदन करने वाले कुछ कॉलेजों ने निरीक्षण को लेकर आपत्ति जताई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 19.04.2025, PAGE-02

# एलएलएम अंकपत्र के नए फार्मेट को बोर्ड से मिलेगी मंजूरी

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए एलएलएम कोर्स के अंकपत्र के नए फार्मेट और टीआर को मंजूरी मिलेगी। एलएलएम कोर्स की परीक्षा अगले सप्ताह से होनी है। इसके बाद परिणाम और फिर अंकपत्र जारी किया जाएगा। ऐसे में परीक्षा बोर्ड से नए अंकपत्र और टीआर के फार्मेट पर मंजूरी ली जाएगी। साथ ही एमडी होम्योपैथी कोर्स के अंकपत्र के नए फार्मेट को भी अप्रूव्ड किया जाएगा। शनिवार को कुलपति की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक होगी। इसमें करीब डेढ़ दर्जन से अधिक एजेंडों पर मुहर लगेगी। साथ ही स्टोर से गायब कापियों के मामले में भी छात्र-छात्राओं को औसत अंक देकर उत्तीर्ण करने पर सहमति बनेगी। अब तक करीब दर्जनों छात्र-छात्राओं को कापी नहीं मिलने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा बोर्ड से सहमति मिलने के बाद औसत अंक देकर छात्र-छात्राओं का रिजल्ट जारी किया जाएगा। पिछले दिनों हुई टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल प्रैक्टिकल परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों का रिजल्ट पिछली प्रायोगिक परीक्षा के अंक को जोड़कर जारी करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले स्नातक व पीजी के छात्रों की छूटी हुई परीक्षा कराए जाने का भी प्रस्ताव है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE:19.04.2025, PAGE-04

# मेजबानी की दावेदारी करने से पहले सभी कॉलेज से स्पोर्ट्स काउंसिल ने मांगी चार बिंदुओं पर जानकारी

**मुजफ्फरपुर.** अंगीभूत कॉलेजों से लेकर संबद्ध कॉलेज तक अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए दावेदारी करेंगे. इसके लिए बीआरएबीयू ने सभी कालेजों से प्रस्ताव मांगा है.

विवि की ओर से कॉलेजों को फार्मेट जारी किया गया है. इसमें महाविद्यालयों में खेल के आयोजन को लेकर उपलब्ध सुविधा और आधारभूत संरचना की जानकारी देनी है. इसमें मैदान की उपलब्धता, उपकरण, इंडोर गेम के लिए व्यवस्था, आउटडोर गेम की व्यवस्था, पूर्व में किसी प्रतियोगिता की मेजबानी का विवरण समेत अन्य जानकारी देनी है. इस आधार पर कॉलेजों ने प्रस्ताव तैयार करना शुरू कर दिया है. मुख्यालय स्तर पर करीब आधा दर्जन कॉलेज मेजबानी प्रस्ताव के लिए आवेदन करेंगे. शैक्षणिक सत्र

- होनी है अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता
- मैदान, उपकरण और इंडोर गेम के मांगा ब्योरा

2025-26 के लिए विवि को स्पोर्ट्स कैलेंडर तैयार करना है. इसमें विभिन्न खेलों यानी अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता की आयोजन तिथि, आयोजन स्थल समेत अन्य जानकारी दी जाती है.

## कॉलेजों को भेजा है पत्र

स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से सभी कॉलेजों को पत्र भेजकर वहां उपस्थित आधारभूत संरचनाओं की जानकारी से लेकर पूर्व में विभिन्न खेलों की मेजबानी की जानकारी मांगी है. इस आधार पर कॉलेजों को भेजे मेजबानी के प्रस्ताव पर विवि निर्णय लेगा.